प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09:20 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पर्यटन विभाग के योजना कार्यों में तेजी लाने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। शिमला में विभाग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि पर्यटन से जहां रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, वहीं सरकार को भी इससे लाभ होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य कांगड़ा को टूरिज्म कैपिटल के रूप में विकसित करना है, जिसके लिए इस दिशा में किए जा रहे कार्यों को समय रहते पूरा करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि होम स्टे को लेकर भी सरकार आगामी दिनों में नीति में संशोधन करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं, जिसके तहत साधनसंपन्न लोगों को दी जा रही सुविधाएं वापिस ली गई हैं। उन्होंने कहा कि गरीब लोगों को पहले से मिल रही सुविधाएं जारी रहेगी।

संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज 78वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र को सम्बोधित करेंगी। उनका यह सम्बोधन आकाशवाणी के समूचे राष्ट्रीय नेटवर्क पर शाम 7 बजे से प्रसारित किया जाएगा। राष्ट्रपति का संबोधन दूरदर्शन के सभी चैनलों पर हिन्दी में और उसके बाद अंग्रेज़ी में प्रसारित किया जाएगा। इसके बाद रात 8 बजे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रदेशवासियों को संबोधित करेंगे।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति के संबोधन के मद्देनजर आज प्रादेशिक समाचार बुलेटिन सांय 7 बजकर 45 मिनट के स्थान पर 6 बजकर 30 मिनट पर प्रसारित होगा।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस महीने की 25 तारीख को आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह कार्यक्रम का 113वां एपिसोड होगा। लोग आगामी कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव टोल फ्री नंबर 1945–11–7800 के जरिए प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके अलावा, लोग नरेंद्र मोदी ऐप या माई जीओवी ओपन फोरम के जरिए भी अपने विचार साझा कर सकते हैं। आगामी एपिसोड के लिए सभी सुझाव 23 तारीख तक स्वीकार किए जाएंगे। मन की बात कार्यक्रम आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जाएगा। यह कार्यक्रम आकाशवाणी समाचार, डीडी न्यूज़, पीएमओ और सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि प्रदेश के आठ हजार बूथों पर भाजपा 4 लाख झंडे फहराएगी। सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी में हर घर तिरंगा अभियान की शुरूआत करते हुए उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि सैनिक अपनी जान की बाजी लगाकर देश की सीमाओं पर हमारी सुरक्षा में हर पल मुस्तैद है। इस बीच सेना प्रशिक्षण कमान शिमला द्वारा आज शहर में तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जाएगा।

मौसम

राजधानी शिमला सहित राज्य के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। हालांकि कुछ स्थानों पर बीती रात हल्की वर्षा होने का समाचार है। मौसम विभाग ने आज सिरमौर जिला व इससे सटे इलाकों में बाढ़ की आशंका जताते हुए लोगों से सतर्क रहने की अपील की है। विभाग ने आगामी 19 अगस्त तक प्रदेश में मानसून के सक्रिय बने रहने की संभावना भी व्यक्त की है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी बारिश का यलो अलर्ट भी जारी किया गया है। इस बीच मानसून से अब तक लगभग एक हजार करोड़ रूपये का नुकसान हुआ है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के अनुसार लोकनिर्माण विभाग को 436 करोड़, जलशक्ति विभाग को 403 करोड़ और बागवानी विभाग को 139 करोड़ रूपये का नुकसान पहुंचा है।

और अब सुर्खियां समाचार पत्रों से———————

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला की सुर्खी है—नूरपुर में 600 करोड़ के फिन्ना सिंह सिंचाई प्रोजेक्ट को केंद्र की मंजूरी—1 लाख 88 हजार मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन। पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है—पर्यटन से हिमाचल की आर्थिकी को मजबूत करेंगे। दिव्य हिमाचल का शीर्षक है—देशी गाय—भैंस खरीदने को मिलेंगे ज्यादा पैसे, मुख्यमंत्री बोले—दूध का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास कर रही सरकार। हिमाचल दस्तक के शब्द हैं—देशी गाय—भैंस की खरीद पर बढ़ेगी सब्सिडी। आपका फैसला के मुताबिक—मुख्यमंत्री ने की कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा।

दैनिक जागरण ने खबर दी है—स्कूली खेलकूद प्रतियोगिताओं पर रोक, अब सितंबर में होगी। इसी समाचार पत्र के अनुसार ईडी ने शुरू की क्रिप्टो करेंसी ठगी की जांच।

एसीआर के नए नियमों से बाहर होंगे बड़े साहब शीर्षक से हिमाचल दस्तक लिखता है—प्रदेश में लागू किए गए नए एसीआर नियमों से प्रशासनिक सचिव स्तर के अधिकारी बाहर होंगे। अन्य पर लागू होंगे नए रूल्स।

मौसम पर दैनिक भास्कर लिखता है–प्रदेश में बारिश का सिलसिला जारी–लैंडस्लाइड से संजौली में बन रही टनल का प्रवेश द्वार बंद। आपका फैसला के शब्द हैं–निगुलसरी में नेशनल हाईवे पर फिर भूस्खलन, प्रदेश में 213 सड़कें बंद। दिव्य हिमाचल के मुताबिक–किन्नौर में ठीकरू–लिंगने की पहाड़ियों पर फटा बादल।